लखनऊ से प्रकाशित RNI NO.- UPHIN/2017/75301

Email- 6amnewstimes@gmail.com राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

6AM न्यूज़ टाइम्स लखनऊ से प्रकाशित.....

13 नवंबर 2026, दिन शुक्रवार

वर्ष : 09 अंक : 321 पृष्ठ : 4 - मूल्य : 5

लखनऊ, प्रयागराज, रायबरेली में प्रसारित





03 परिसर के पास निषेधाज्ञा नहीं हटाई गई, नोटिस बोर्ड लगाया जा सकता है: सुप्रीम कोर्ट

03 मथुरा में जालसाज फर्जी ED अफसर सचिन शर्मा गिरफ्तार

महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक पर जल्द ही सरकार बुला सकती है विशेष सत्र

● 6AM NEWS TIMES

न्यूज़ एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, सूत्रों ने बताया कि सरकार को भरोसा है कि उसके पास जरूरी संख्या बल मौजूद है।

हालांकि सूत्र ने प्रस्तावित सत्र की तारीखों या अवधि के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। सरकार संसद का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी में है. संविधान संशोधन बिल को लेकर सरकार को भरोसा है कि उसके पास जरूरी संख्या बल मौजूद है। **उम्मीद है कि विधेयक 15 से 18 वोटों के अंतर से पारित हो जाएगा।** मोदी सरकार महिला आरक्षण लागू करने से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को पारित



कराने के लिए जल्द ही संसद का विशेष सत्र बुला सकती है. प्रस्तावित संशोधन के तहत परिसीमन (डिलिमिटेशन) के जरिए लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों की संख्या बढ़ाकर अधिकतम 850 करने का लक्ष्य है. विधेयक पारित होने के साथ ही संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का रास्ता साफ हो जाएगा। **दो तिहाई बहुमत की जरूरत।** संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होती है, जिसके लिए 361 वोटों की आवश्यकता है. 543 सदस्यों वाली लोकसभा में अभी तीन सीटें खाली हैं. इस प्रस्तावित संशोधन के तहत परिसीमन (डिलिमिटेशन) के जरिए लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों की संख्या बढ़ाकर अधिकतम 850 करने का लक्ष्य है। **विशेष सत्र बुलाना आसान।** संसद को कम समय के नोटिस पर बुलाने की संभावना अभी भी बनी हुई है, क्योंकि अभी तक औपचारिक रूप से सत्रावसान (Prorogue) नहीं किया गया है.

सनातन धर्म से अलग अपनी सत्ता को स्थापित करने के मंसूबा पाल रहे हैं

● 6AM NEWS TIMES

लखनऊ: पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि ''गोपालकों ''को अपशब्द कहकर प्रकारांतर में गोपाल अर्थात् भगवान श्रीकृष्ण का जो अपमान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने मंच से किया है वो अक्षम्य है। पहले अयोध्या में भगवान राम के मंदिर के 'चढ़ावा-चंदा-दान' चोरी में एक बड़े गिरोह के साथ संलिप्त रहे और राज न खुल जाए इस डर से उन्हें क्लीन चिट दे दी। अब भगवान कृष्ण पर वार कर रहे हैं। ये सनातन धर्म से अलग



अपनी सत्ता को स्थापित करने के मंसूबे के कारण ऐसे कुवचन बोल रहे हैं। इसी दुर्भावना के कारण मुख्यमंत्री जी ने वाराणसी में पाल समाज को लाठी से पिटवाया था और गडरियों के होल्कर समाज से आने वाली शिवजी की परम भक्त राजमाता देवी अहिल्याबाई जी की शिवलिंग ली हुई प्रतिमा का वाराणसी में घोर तिरस्कार किया था। ये न भगवान शिव के सगे हैं, न भगवान राम के, न भगवान कृष्ण के और न ही देवी अहिल्याबाई जी के। ये इतने कमजोर पड़ गये हैं कि अब उत्तर प्रदेश में किसी और 'दुश्मुखी' को बुलाया जा रहा है। इन दोनों में कई बातें समान हैं, वेशभूषा का स्वांग, दुर्वचनी जुबान और भगवान राम और भगवान कृष्ण का सरेआम अपमान करना।

उत्तर प्रदेश बना निवेश और उद्योग का नया केंद्र, 1200 करोड़ से लगेगा ट्रैक्टर निर्माण संयंत्र

● 6AM NEWS TIMES

लखनऊ (आरएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में माफिया राज की जगह कानून का राज स्थापित हुआ है। मजबूत कानून-व्यवस्था के चलते उत्तर प्रदेश निवेश, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश-विदेश की बड़ी कंपनियां प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित हो रही हैं और उत्तर प्रदेश देश के प्रमुख निवेश केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बना चुका



है।मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में सीएनएच इंडस्ट्रियल के नए ट्रैक्टर निर्माण संयंत्र का वर्चुअल शिलान्यास करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कंपनी को उत्तर प्रदेश में नया संयंत्र स्थापित करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह परियोजना कृषि मशीनीकरण और आधुनिक विनिर्माण को नई गति देगी। इससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के नए अवसर पैदा होंगे। साथ ही स्थानीय उद्योगों, आपूर्तिकर्ता नेटवर्क और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।योगी ने कहा कि देश के कुल ट्रैक्टर बाजार में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी लगभग 18.5 प्रतिशत है। प्रदेश की विशाल बाजार क्षमता और सीएनएच इंडस्ट्रियल की तकनीकी विशेषज्ञता मिलकर इस निवेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सक्षम हैं। प्रदेश सरकार कंपनी के साथ एक सहयोगी के रूप में खड़ी रहेगी और उसे हर कदम पर आवश्यक सुविधाएं एवं सहयोग उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कंपनी के प्रतिनिधियों से कहा कि ट्रैक्टर निर्माण के साथ यहां बुलडोजर भी बनाइए, क्योंकि उत्तर प्रदेश का बुलडोजर पहले ही एक ब्रांड बन चुका है और देश-दुनिया में इसकी मांग है।

अखिलेश यादव पहले मांगे सार्वजनिक माफी, संत समाज

● 6AM NEWS TIMES

अखिलेश यादव के 12 दिसंबर को प्रस्तावित अयोध्या दौरे से पहले संत समाज ने 1990 में कारसेवकों पर हुई पुलिस कार्रवाई के लिए सार्वजनिक माफी या खेद जताने की मांग की है। प्रस्तावित अयोध्या दौरे को लेकर संत समाज ने अपना



रुख स्पष्ट कर दिया है। संत समाज की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर मांग की गई कि अखिलेश यादव रामजन्मभूमि, हनुमानगढ़ी और अन्य धार्मिक स्थलों पर दर्शन करने आने से पहले 30 अक्तूबर और दो नवंबर 1990 को कारसेवकों पर हुई पुलिस कार्रवाई के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें या घटना पर खेद जताएं। संत समाज शासन से मांग की गई कि यदि अखिलेश यादव माफी नहीं मांगते हैं संतों ने ऐसा नहीं होने पर शासन से उनका दौरा प्रति-

पीडब्ल्यूडी; फूलचंद यादव अध्यक्ष धर्मराज यादव मंत्री एवं राम अचल पाल मंत्री,

● 6AM NEWS TIMES

प्रयागराज। पीडब्ल्यूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ प्रयागराज की क्षेत्रीय एवं जनपद कार्यकारिणी को प्रांतीय नेतृत्व द्वारा द्विवर्षीय मान्यता प्रदान की गई है। इसके तहत कर्मचारी नेता रविशंकर को लगातार दूसरी बार क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा धर्मराज




यादव को क्षेत्रीय मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रांतीय अध्यक्ष भारत सिंह यादव की संस्तुति पर प्रांतीय महामंत्री वशिष्ठ नारायण तिवारी ने प्रयागराज की 25 सदस्यीय क्षेत्रीय कार्यकारिणी को मान्यता प्रदान की। इस कार्यकारिणी का प्रमुख उद्देश्य कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण, उनके हितों की रक्षा तथा विभागीय स्तर पर समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए ग्रिवांस बैठकों एवं अधिकारियों के साथ वार्ता करना है। वहीं, प्रयागराज जनपद की कार्यकारिणी में फूलचंद यादव को जनपद अध्यक्ष तथा राम अचल पाल को जनपद मंत्री के पद पर मान्यता प्रदान की गई है। क्षेत्रीय एवं जनपद कार्यकारिणी को मान्यता मिलने की

प्रयागराज 41वीं इंदिरा मैराथन की तैयारियां तेज, खिलाड़ियों का पंजीकरण शुरू

● 6AM NEWS TIMES

प्रयागराज प्रभारी क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी शिव यादव ने बताया कि 41वीं इंदिरा मैराथन का आयोजन 19 नवंबर को होगा। इसे लेकर खिलाड़ी खासी रुचि दिखा रहे हैं। धावकों ने आवेदन शुरू कर दिए हैं। ऑनलाइन आवेदन तो पहले से ही हो रहे थे। 11 नवंबर से ऑफलाइन आवेदन भी शुरू हो गए हैं। अभी तक 69 खिलाड़ियों ने इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कदम बढ़ाए हैं। खेल विभाग की ओर से



आयोजित इस इंदिरा मैराथन में देश भर के खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं। **पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के जन्मदिवस पर 19 नवंबर को आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में खिलाड़ी दिलचस्पी दिखा रहे हैं।** इस वर्ष का सबसे बड़ा आकर्षण छह साल बाद होने जा रही 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन है। धावकों के लिए 42.195 किलोमीटर की पूर्ण मैराथन के साथ हाफ मैराथन का विकल्प खुला है। **पुरुष-महिला विजेता धावकों को कितना नकद मिलेगा?** पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों के शीर्ष धावकों को पुरस्कृत किया जाएगा। 42.195 किमी पूर्ण मैराथन में प्रथम पुरस्कार दो लाख रुपये, द्वितीय एक लाख रुपये, तृतीय 75 हजार रुपये तथा इसके बाद अगले 11 धावकों को 10-10 हजार रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। 21 किमी क्रास कंट्री में प्रथम स्थान हासिल करने वाले को 51 हजार रुपये, द्वितीय को 21 हजार रुपये, तृतीय को 11 हजार रुपये तथा चौथे, पांचवें व छठे स्थान के विजेताओं को 5,100-5,100 रुपये प्रदान किए जाएंगे। 60 आवेदन आनलाइन आ चुके हैं। जबकि, पहले दिन नौ आवेदन आफलाइन आए हैं। यह आवेदन 17 नवंबर तक लिए जाएंगे।

पूर्व विधायक उदयभान करवरिया का शक्ति प्रदर्शन

● 6AM NEWS TIMES

प्रयागराज। पूर्व विधायक और बाहुबली उदयभान करवरिया ने गुरुवार को जिला मुख्यालय से करीब 22 किलोमीटर दूर रामपुर करछना में शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब तक किसी के पास पद होता है, उसके आसपास चाटुकारों की भीड़ लगी रहती है। किसी को टिकट तो किसी को पद चाहिए। डिप्टी सीएम केशव मौर्य का नाम लिए बिना उन्हें चुनौती देते हुए उदयभान ने कहा कि पद छोड़कर एक



ऐसी रैली करके दिखाइए, मैं जिंदगीभर आपका गुलाम बनकर रहूंगा। कार्यक्रम की शुरुआत 101 ब्राह्मणों के शंखनाद से हुई। करीब 10 हजार समर्थक हाथों में तलवार और फरसा लहराते दिखे। गाड़ियों के काफिले के कारण प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर करीब 4 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। करीब 10 साल जेल में रहने और पत्नी के निधन के बाद उदयभान एक बार फिर राजनीति में सक्रिय हुए हैं। उदयभान के भाई कपिल मुनि और सूरजभान भी राजनीति में रहे हैं। उदयभान करवरिया ने यूजीसी को लेकर कहा कि इसमें प्रदेश सरकार की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कहीं न कहीं ऊपर की मानसिकता के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को डिगाने के लिए किया गया है। योगी हैं तो उत्तर प्रदेश है। योगी जब तक रहेंगे, तब तक हर धर्म, हर जाति, हर वर्ग और हर बिरादरी का व्यक्ति सुरक्षित रहेगा। हमारी बेटियां रात 12 बजे भी स्कूटी लेकर निश्चिंत होकर जा सकेंगी। उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि प्रदेश में योगी जी का राज है।

कुलपति ने फीता काटकर किया अंतर महाविद्यालीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

6AM NEWS TIMES



सुल्तानपुर। कलान स्थित श्री विश्वनाथ पीजी कॉलेज में तीन दिवसीय अंतरमहाविद्यालीय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के कुलपति डॉ. विजेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों, शिक्षकों एवं महाविद्यालय परिवार में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर कुलपति डॉ. विजेंद्र सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय से संबद्ध लगभग 42 महाविद्यालयों में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में श्री विश्वनाथ पीजी कॉलेज, कलान को अंतरमहाविद्यालयीय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर प्रदान किया गया है।

उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से न केवल शारीरिक एवं मानसिक क्षमता का विकास होता है, बल्कि अनुशासन, आपसी सहयोग, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता जैसे गुण भी विकसित होते हैं। कुलपति ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली सभी टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल भावना, अनुशासन और पूरी निष्ठा के साथ प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता के शुभारंभ के साथ ही कॉलेज परिसर में खेल उत्सव का माहौल बन गया। खिलाड़ियों में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाने का उत्साह दिखाई दिया।

शिया बाहुल्य क्षेत्रों में तीन दिवसीय मजलिस का आयोजन शुरू

6AM NEWS TIMES



सुल्तानपुर। जनपद के शिया बाहुल्य क्षेत्रों अमहट गोराबारिक तुराबखानी अलीगढ़ अलीनगर ऊंचवा मेड़ई खां का पुरवा भाई पीथापुर लौहर दक्षिण हसनपुर मनियारपुर जूड़ूपुर प्रतापपुर मनियारी वलीपुर इसौली करीभीट सैयद खानपुर लुसहा खैराबाद चुनहा करौंदिया सैदपुर छतौना माल्हा हयातनगर कोटवा सुरौली मूंगर बेलहरी कादीपुर पियारेपुर दोस्तपुर में हर साल की तरह इस सालभी परम्परागत तरीके से 12 नवम्बर से 14 नवम्बर तक प्रतिदिन रात में मजलिस का आयोजन किया जाएगा और तीन दिन तक शोक मनाया जायेगा। 14 नवम्बर को हुसैनिया नौतामीर गोराबारिक अमहट सुल्तानपुर में रात 8बजे एक मजलिस होगी जिसको मौलाना शब्बीर आगा नजफी पढेंगे व तकरीर मौलाना मोहम्मद जाफर खान, मौलाना हाफ़िज़ सैयद मोहम्मद रजा देहली करेंगे इसके बाद शबीह ताबूत का जुलूस हुसैनिया नौतामीर से उठकर जामा मस्जिद गोराबारिक अमहट पर

सामाजिक समरता बिगड़ने के लिए विरोधियों पर अत्याचार कर रही हैं सरकार

6AM NEWS TIMES



सुलतानपुर। समाजवादी अधिवक्ता सभा प्रदेश सचिव अशोक सिंह बिसेन एडवोकेट ने कहा कि सामाजिक समरता बिगड़ने के लिए विरोधियों पर अत्याचार कर रही हैं सरकार सपा के पार्टी वरिष्ठ नेता आज़म खान के साथ जिस तरह बर्ताव अन्यायपूर्ण राजनैतिक साजिश के साथ सनातन धर्म समाज के विरुद्ध सामाजिक समरता सौहार्द बिगाड़ने का खड़यंत्र कर रही हैं सरकार एक तरफ़ हिंदुओं के मतदान का अधिकार छीनने के साथ उनकी आत्मा, स्वालंबन के साथ भगवान श्री राम ,कृष्ण में आस्था पर साजिश कर इस अवांक्षित तुलना से सनातन समाज इतना आहत हुआ है इसका जवाब 2027में सनातन समाज के दिल में पल रहे जनाक्रोश देगा डबल इंजन सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक व्यवस्था की हत्या कर क्रूरता की हदे लाघ , परिवर्तन से डर के अन्याय व अत्याचार कर रही हैं गाँव ग़रीब गुरबत की शिक्षा छीन कर बेरोजगारी देना बंद करें सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के बढ़ते जनता के विश्वास ने इनके नेता अयोध्या में अंगद का पाँव जमाने की बात कर रहे हैं जहां से 2024में जनता ने इनके पाँव उखाड़ दिया हैं।

ग्राम समाज की भूमि पर भू माफिया शर्मा बंधुओं ने किया अवैध निर्माण

भू-माफियाओं के खिलाफ अधिवक्ताओं ने डीएम को दिया तीन सूत्रीय माँग पत्र।

6AM NEWS TIMES.



सुल्तानपुर। हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप यादव जनवादी एडवोकेट के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधि मण्डल ने अपर जिलाधिकारी को तीन सूत्रीय माँग पत्र सौंपकर जयसिंहपुर तहसील के राजस्व ग्राम हयात नगर में ग्राम समाज की भूमि गाटा सँख्या 769 पर भू माफिया अशोक शर्मा संतोष शर्मा एवं शुभम शर्मा रजत शर्मा कुँवर शर्मा ने पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा कर रखा है जो कि शिकायत के एक माह बीत जाने के पश्चात भी राजस्व महकमा शान्त बैठा हुआ है जो कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की घोर अवमानना है यदि 20 नवम्बर तक अवैध अतिक्रमण नहीं हत्या गया तो संगठन उग्र आन्दोलन के लिए बाध्य होगा। खनन माफिया राजेन्द्र शर्मा जो कि पुलिस विभाग एवं खनन विभाग से मिलीभगत करके अवैध खनन के जेसीबी से करता है यदि त्वरित कार्यवाही नहीं की गई तो हम निर्णायक आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रतिनिधि मण्डल में अनवर अली एडवोकेट,अखिलेश यादव एडवोकेट, लक्ष्मीकान्त शर्मा एडवोकेट, गोविन्द यादव एडवोकेट ओम प्रकाश सिंह उमाकांत वर्मा मौजूद रहे।

मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्रा धूमधाम से निकाली

6AM NEWS TIMES



सुल्तानपुर। शहर में बुधवार रात मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। डीजे की भक्तिमय धुनों पर श्रद्धालु नाचते--गाते और अबीर-गुलाल उड़ाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। जगह-जगह मां लक्ष्मी के जयकारों से पूरा शहर भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया। शहर के नबीपुर, गांधी नगर और शाहगंज समेत कई इलाकों में धनतेरस से पूर्व मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। चार दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। बुधवार दोपहर हवन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। वहीं, प्रतिदिन भंडारे का आयोजन भी किया गया। बुधवार रात करीब 11 बजे के बाद निकली विसर्जन शोभायात्रा में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए आगे बढ़े। देर रात प्रतिमाओं को सीताकुंड घाट स्थित गोलाघाट पर विधि-विधान के साथ विसर्जित किया गया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर कोतवाली पुलिस विभिन्न चौराहों पर मुस्तैद रही। भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पूजा कसौधन ने बताया कि उनकी समिति का नाम लक्ष्मी माता पूजा समिति है, जो वर्ष 1977 से लगातार मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा-अर्चना करती आ रही है। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष समिति के 50 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं।

श्रीराम कथा के नाम पर चंदा वसूली से रहें सावधान,

6AM NEWS TIMES



कौड़िया (गोण्डा) जनपद के खरगूपुर क्षेत्र अंतर्गत जयप्रभा ग्राम, महाराजगंज में 17 से 25 नवंबर तक आयोजित होने वाली नौ दिवसीय भव्य श्रीराम कथा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बीच कथा के नाम पर चंदा वसूली की आशंका को देखते हुए आयोजक महंत आलोक दास महाराज ने श्रद्धालुओं से सतर्क रहने की अपील की है।श्री चित्रकूट बालाजी ट्रस्ट श्री श्यामा श्याम जू ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत आलोक दास महाराज ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर स्पष्ट किया है कि श्रीराम कथा के आयोजन के लिए ट्रस्ट की ओर से किसी भी व्यक्ति से चंदा या आर्थिक सहयोग नहीं मांगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ संदिग्ध लोग कथा के नाम पर श्रद्धालुओं और आमजन से धनराशि मांग सकते हैं। ऐसे लोगों के झांसे में न आएं और किसी को भी चंदा न दें। उन्होंने बताया कि श्रीराम कथा का आयोजन जानकीनगर स्थित जयप्रभा ग्राम, महाराजगंज के चिन्मय ग्रामोदय विद्या मंदिर इंटर कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल शोध संस्थान में होगा। महाराज ने श्रद्धालुओं से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति कथा के नाम पर चंदा मांगता है तो इसकी सूचना तत्काल ट्रस्ट को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ आवश्यक

सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज में बेलगाम हुए सुरक्षा गार्ड, तीमारदार को घसीटकर पीटा,

6AM NEWS TIMES

सुलतानपुर। राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में सुरक्षा गार्डों की कथित दबंगई थमने का नाम नहीं ले रही है। अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों के साथ दुर्व्यवहार तथा मारपीट के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामला बुधवार रात का है, जहां इमरजेंसी में मरीज के साथ पहुंचे एक तीमारदार को सुरक्षा गार्डों ने कथित तौर पर घसीटकर बाहर निकालने का प्रयास किया और विरोध करने पर उसकी पिटाई कर दी। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं। पीड़ित युवक नगर कोतवाली क्षेत्र के खैराबाद मोहल्ले का निवासी बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, खैराबाद निवासी युवक बुधवार रात अपने मरीज को दिखाने के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज की आपातकालीन चिकित्सा इकाई में पहुंचा था। इसी दौरान वहां तैनात सुरक्षा गार्डों ने उसे इमरजेंसी से बाहर जाने के लिए कहा। युवक ने मरीज को अकेला छोड़कर बाहर जाने में असमर्थता जताई और मरीज के साथ रहने की बात कही। आरोप है कि इस पर गार्डों ने उसके साथ दबंगई शुरू कर दी। उसे जबरन घसीटकर बाहर निकालने का प्रयास किया जाने लगा। युवक ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसके बाद सुरक्षा गार्डों ने युवक की पिटाई कर दी। इस दौरान युवक ने भी गार्डों के साथ गाली-गलौज करते हुए विरोध जताया। घटना के दौरान हुए विवाद और मारपीट का वीडियो अब इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद अस्पताल परिसर में सुरक्षा कर्मियों के व्यवहार को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। राजकीय मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा गार्डों और मरीजों के तीमारदारों के बीच विवाद का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई बार गार्डों पर तीमारदारों के साथ अभद्रता, गाली-गलौज और मारपीट करने के आरोप लग चुके हैं। इसके बावजूद ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति होना अस्पताल प्रशासन की निगरानी और जवाबदेही पर सवाल खड़े करता है। आरोप है कि पूर्व में सामने आए मामलों में प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से सुरक्षा कर्मियों के हौसले बुलंद हैं। घटना का वीडियो प्रसारित होने के बाद लोगों ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, संबंधित सुरक्षा गार्डों की पहचान कर दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। अब सवाल यह है कि आखिर मेडिकल कॉलेज प्रशासन सुरक्षा गार्डों के व्यवहार पर अंकुश लगाने के लिए कब ठोस कदम उठाएगा और मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों को इस तरह के कथित दुर्व्यवहार से कब राहत मिलेगी।

प्रेमी से शादी की जिद में मोबाइल टावर पर चढ़ी 15 वर्षीय किशोरी

6AM NEWS TIMES

सुल्तानपुर। चांदा कोतवाली क्षेत्र में बुधवार शाम प्रेमी से शादी करने की जिद में एक 15 वर्षीय किशोरी मोबाइल टावर पर चढ़ गई। करीब 60 फीट ऊंचे टावर पर चढ़कर किशोरी ने प्रेमी को बुलाने और उससे शादी कराने की मांग शुरू कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी देर तक समझाने का प्रयास किया। आखिरकार सीओ लंभुआ ऋतिक कपूर के समझाने पर करीब दो घंटे बाद किशोरी सुरक्षित नीचे उतर आई। जानकारी के अनुसार, चांदा कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली किशोरी का गांव के ही गुड्डू सरोज के 17 वर्षीय बेटे किशन सरोज से करीब दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों शादी करना चाहते हैं, लेकिन उनके परिजन इसके पक्ष में नहीं हैं। बताया जाता है कि किशन इन दिनों प्रतापगढ़ स्थित अपनी रिश्तेदारी में रह रहा है। बुधवार शाम किशोरी घर पर मोबाइल से अपने प्रेमी से बात कर रही थी। इसी दौरान उसकी मां ने उसे फोन पर बात करने से मना कर दिया। इससे नाराज होकर किशोरी गांव के पास स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गई। किशोरी को टावर पर चढ़ा देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। लोगों ने उसे नीचे उतारने का प्रयास किया, लेकिन वह प्रेमी को बुलाकर शादी कराने की मांग पर अड़ी रही। सूचना मिलते ही चांदा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजकुमार वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। काफी समझाने के बाद भी जब किशोरी नीचे नहीं उतरी तो सीओ लंभुआ ऋतिक कपूर घटनास्थल पर पहुंचे।सीओ ने किशोरी से बातचीत कर उसे सुरक्षित नीचे उतरने के लिए समझाया। इस दौरान किशोरी ने शर्त रखी कि उसकी शादी उसी लड़के से कराई जाए और कोई इसका विरोध न करे। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों से भी बातचीत की। करीब दो घंटे तक

परिसर के पास निषेधाज्ञा नहीं हटाई गईं, नोटिस बोर्ड लगाया जा सकता है: सुप्रीम कोर्ट



● 6AM NEWS TIMES

दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि दिल्ली में 'एंटी-CEC' विरोध प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में अक्टूबर में दिए गए उसके निर्देश का मतलब निषेधाज्ञा को हटाना या निलंबित करना नहीं था। उस निर्देश में 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' (BNSS) की धारा 163 के तहत सुप्रीम कोर्ट परिसर और उसके आसपास निषेधाज्ञा लागू होने की जानकारी देने वाले नोटिस बोर्ड को हटाने के लिए कहा गया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि संबंधित अधिकारी इस नोटिस को फिर से लगा सकते हैं, बशर्ते वकीलों, मुकदमों से जुड़े लोगों और सुप्रीम कोर्ट या किसी अन्य अदालत में काम से आने वाले अन्य लोगों की आवाजाही सुचारू रूप से बनी रहे (CJI) सूर्य कांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने 11 अक्टूबर के अपने आदेश के पैराग्राफ 16(e) का जिक्र करते हुए यह स्पष्टीकरण दिया। पीठ ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा इस निर्देश का गलत मतलब निकाला जा रहा था और इसका दुरुपयोग किया जा रहा था। **अक्टूबर के आदेश का पैराग्राफ 16(e) इस प्रकार है**

"हमें जानकारी मिली है कि सुप्रीम कोर्ट परिसर में एक नोटिस बोर्ड लगाया गया, जिसमें बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट और उसके आसपास 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' (BNSS) की धारा 163 लागू की गई। हम संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हैं कि वे तुरंत इस बोर्ड को हटा दें (यदि पहले से नहीं हटाया गया), ताकि सुप्रीम कोर्ट या किसी अन्य अदालत में आने-जाने को लेकर कोई आशंका न रहे।" इस पैराग्राफ में अधिकारियों से कहा गया कि वे सुप्रीम कोर्ट परिसर में लगे उस नोटिस बोर्ड को हटा दें, जिसमें यह बताया गया कि कोर्ट परिसर और उसके आसपास BNSS की धारा 163 लागू की गई। **3 नवंबर को दिए गए अपने बाद के आदेश में पीठ ने कहा कि उस निर्देश का उद्देश्य सीमित था।**

"यह निर्देश केवल इस उद्देश्य से जारी किया गया कि इस अदालत और अन्य अदालतों में लोगों का आना-जाना बिना किसी रुकावट के हो सके। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना था कि न्याय पाने के रास्ते में कोई बाधा न आए, और किसी वकील, मुवक्किल, या पेशेवर सलाह के लिए वकील के पास आने वाले किसी भी व्यक्ति को रोका न जाए या हतोत्साहित न किया जाए। इस निर्देश का मतलब BNSS की धारा 163 के तहत जारी किसी भी निषेधाज्ञा (Prohibitory Order) को रोकना, निलंबित करना या कमजोर करना नहीं था; और उस निषेधाज्ञा की वैधता का मामला अभी हमारे सामने लंबित रिट याचिकाओं (W.P. (Crl.) Nos. 427/2026 और 429/2026) में विचाराधीन है।"

इस पैराग्राफ को वापस लेते हुए पीठ ने कहा

"इसलिए हम अपने 11.10.2026 के आदेश के पैराग्राफ 16(e) को वापस लेते हैं। हम यह स्पष्ट करते हैं कि इस आदेश की कोई भी बात सक्षम प्राधिकारी (Competent Authority) को नोटिस को नए सिरे से लगाने से नहीं रोकती है। बशर्ते, वकीलों, मुवक्किलों और इस अदालत या किसी अन्य अदालत में काम से आने वाले अन्य लोगों की आवाजाही को ठीक से नियंत्रित किया जाए और उसमें किसी भी तरह की रुकावट न डाली जाए।"

पीठ ने बताया कि अक्टूबर के आदेश को स्पष्ट करने की जरूरत क्यों पड़ी

"हमारे संज्ञान में आया कि उक्त निर्देश का गलत अर्थ निकाला जा रहा है और कुछ लोगों द्वारा इसका दुरुपयोग किया जा रहा है, मानो सुप्रीम कोर्ट परिसर में लागू निषेधाज्ञाओं को हटा दिया गया हो।"

यह पीठ दिल्ली में CEC ज्ञान कुमार के खिलाफ 10 अक्टूबर को हुए विरोध प्रदर्शनों को पुलिस द्वारा संभालने के तरीके से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इसके अलावा, अदालत ने दोनों पक्षों के नोडल वकीलों द्वारा दी गई श्रेणियों के आधार पर कुल 33 मामलों को ग्यारह श्रेणियों में पुनर्व्यवस्थित किया है। अब इन मामलों को श्रेणी-वार सूचीबद्ध किया जाएगा और उन पर सुनवाई होगी। प्रतिवादी (Respondents) हर श्रेणी के लिए अलग-अलग जवाबी हलफनामे (Counter-Affidavits) दाखिल कर सकते हैं। हर श्रेणी के वकीलों को अपने नोडल वकील के माध्यम से आपस में समन्वय (Coordinate) करना होगा और मौखिक बहस के लिए आवश्यक समय पहले ही बताना होगा, ताकि एक ही बात को बार-बार दोहराने से बचा जा सके।

मुख्य रिट याचिका और अवमानना याचिकाओं की सुनवाई 18 नवंबर, 2026 को होगी, जबकि BNSS की धारा 163 के तहत दिए गए आदेशों को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई, विरोध-प्रदर्शनों पर पाबंदियों से जुड़ी अन्य याचिकाओं के साथ 26 नवंबर, 2026 को होगी।

पैमानों में फर्क का फर्क है



● 6AM NEWS TIMES

भारत की गरीबी में भारी गिरावट का दावा करने वाली विश्व बैंक की रिपोर्ट आने के सिर्फ दो दिन पहले केपीएमजी-इंडिया ने बताया था कि **भारत की 35 फीसदी आबादी कुपोषण या खाद्य असुरक्षा से ग्रस्त है।** विश्व बैंक के मुताबिक भारत की अब सिर्फ 2.6 फीसदी आबादी चरम गरीबी की अवस्था में है। विश्व बैंक की चरम गरीबी का फॉर्मूला 2021 के कीमतों के मुताबिक क्रय शक्ति समतुल्यता (पीपीपी) पर प्रति दिन प्रति व्यक्ति खर्च क्षमता तीन डॉलर यानी लगभग 63 रुपये है। बैंक ने कहा कि 2011-23 के बीच भारत में 49 करोड़ 60 लाख लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया। अब इस रेखा के नीचे भारत में अब केवल लगभग 14 प्रतिशत आबादी है। बैंक की गरीबी रेखा प्रति दिन पीपीपी 4.2 डॉलर यानी लगभग 87 रुपये है। **यानी मासिक तकरीबन 2,700 रुपये।** घर में चार व्यक्ति हों, तो जिस परिवार की मासिक आय 10,800 रुपये है, विश्व बैंक की परिभाषा के मुताबिक वह गरीब नहीं है। अब इस रकम में कोई परिवार क्या उपभोग करेगा और उसका जीवन स्तर कैसा होगा, यह अंदाजा लगाया जा सकता है। इस रूप में सोचते हुए इस विडंबना को बेहतर समझा जा सकता है कि विश्व बैंक की ये रिपोर्ट आने के सिर्फ दो दिन पहले मार्केटिंग एजेंसी केपीएमजी- इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि भारत की 35.5 प्रतिशत आबादी यानी **लगभग 52 करोड़ लोगों को क्रय शक्ति की कमी के कारण स्वस्थ और पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा है।** केपीएमजी ने कहा कि भारत के पास अनाज की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद देश की एक तिहाई से ज्यादा आबादी कुपोषण या खाद्य असुरक्षा से ग्रस्त है। तो ऐसे परस्पर विरोधी आंकड़ों को देख कर आम इनसान तो दूर, अर्थव्यवस्था को समझने वाले पढ़े-लिखे लोगों का भी दिमाग चकरा जाए, ऐसे अंतर्विरोध नासमझी या आंकड़ों के अभाव के कारण पैदा होते हैं। अब इस बारे में पर्याप्त अध्ययन है, जिसके मुताबिक चालू नीतियों और जारी आर्थिक सोच को वैध एवं आम जन में स्वीकार्य बनाने के लिए आंकड़ों की व्याख्या के तरीके गुजरे दशकों में इज़ाद किए गए। और जब मकसद जमीनी हकीकत को समझना नहीं, बल्कि नैटेरिव गढ़ना हो, तो फिर बात ही पलट जाती है। लेकिन नैरेटिव समस्या का

मथुरा में जालसाज फर्जी ED अफसर सचिन शर्मा गिरफ्तार

● 6AM NEWS TIMES



मथुरा जिले में थाना रिफाइनरी पुलिस ने खुद को प्रवर्तन निदेशालय का असिस्टेंट डायरेक्टर बताकर लोगों को ठगने वाले सचिन शर्मा नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. काफी समय से मथुरा में घूमकर फर्जी ईडी अधिकारी बनकर लोगों के साथ ठगी कर रहा था पुलिस ने गहन छानबीन के बाद आरोपी के पास से एक फर्जी आईडी कार्ड, एक फॉक्स गाड़ी, दो आधार कार्ड और कई एटीएम व क्रेडिट कार्ड बरामद करके उसे न्यायालय के सामने पेश किया है। खुद को **प्रवर्तन निदेशालय (ED) का असिस्टेंट डायरेक्टर** बताकर लोगों को ठगने वाले एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है. आरोपी अपने फर्जी पद का प्रचार फेसबुक पर भी करता था. पुलिस ने उसके पास से फर्जी आईडी कार्ड और कार बरामद की है। **शातिर ठग सचिन शर्मा का फर्जीवाड़ा आया सामने** सचिन शर्मा खुद को ईडी का बड़ा अधिकारी बताकर लोगों को अपना शिकार बनाता था. रिफाइनरी

देश में अशांति का माहौल, मुंह मोड़ लेने से हकीकतें नहीं बदल जाएंगी,



● 6AM NEWS TIMES

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने विजय दशमी पर जो कहा, उसका सार है कि भारत के खिलाफ कोई बड़ी साजिश रची गई है। **मोहन भागवत ने कहा कि कुछ "दानवी शक्तियां" भारत, हिंदुओं, और आरएसएस को विघटित करने की कोशिश में हैं।** फ्रांस, अल्बानिया, नेपाल, बांग्लादेश आदि में हुई घटनाओं का उल्लेख करते हुए भागवत ने कहा कि इनके पीछे जो शक्तियां मौजूद रही हैं, उनके निशाने पर भारत भी है। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, अंदाजा लगाया गया है कि उनके निशाने पर "कॉकरोच" आंदोलन से शुरू हुए विरोध प्रदर्शन थे।

इसी अवसर पर **प्रधानमंत्री ने भी "देश के शत्रुओं" की बात की। नरेंद्र मोदी ने उन लोगों या ताकतों को "देश का दुश्मन" बताया,** जो "देश के सम्मान को नुकसान पहुंचाते हैं, समाज को बांटते हैं और भारतीय संस्कृति से घृणा करते हैं।" स्पष्टत: संघ प्रमुख और प्रधानमंत्री दोनों इस समय विभिन्न जन समूहों- खासकर नौजवानों के जाहिर हो रहे असंतोष को वैध असहमति या विरोध प्रदर्शन के रूप में नहीं देखते। वे इसे 'भारत के विकास के खिलाफ किसी षड्यंत्र का हिस्सा मानते हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि सरकार ने विरोध प्रदर्शनों के प्रति दमनकारी तरीके क्यों अपना रखे है। यह रुख इस हद तक है कि **संयुक्त राष्ट्र के मानव अधिकार विशेषज्ञों की एक टीम ने 'निहत्थे छात्रों के खिलाफ बल प्रयोग को 'परेशान करने वाली कार्रवाई बताया है।** संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार परिषद के इस बयान में हाल में सात हजार से ज्यादा नौजवानों, पत्रकारों, वकीलों, राजनीतिक दलों एवं अन्य संगठनों के सदस्यों को हिरासत में लिए जाने और उनके फोन से प्रतिरोध संबंधी सामग्रियां डिलीट किए जाने की कथित "चिंताजनक" घटनाओं का जिक्र किया गया है। जाहिर है, सत्ता पक्ष जो तस्वीर पेश करना चाहता है, उसके अपने दायरे के बाहर उसकी कहीं सहज स्वीकृति नहीं है। उसे समझना चाहिए कि मुंह मोड़ लेने से वो ठोस हकीकतें नहीं बदल जाएंगी, जिस कारण देश में अशांति का माहौल बना हुआ है। अत: बेहतर नजरिया यह होगा कि सरकार आंदोलनकारियों से संवाद बनाते हुए उनका भरोसा हासिल करे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बजरंग दल पर बैन लगाने की मांग

● 6AM NEWS TIMES



प्रयागराज। इलाहाबाद जनकल्याण समिति ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन देने की शुरुआत की है। वकीलों के एक ग्रुप ने भी बैन की मांग की है।

संस्था के अध्यक्ष समाजसेवी मोहम्मद हंजला ने आरएसएस और बजरंग दल पर पूरे भारत में प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया है। डीएम के जरिये भेजे गए ज्ञापन में देश की एकता, अखंडता, संविधान, लोकतंत्र और गंगा-जमुनी तहजीब की रक्षा का मुद्दा उठाया गया है। समिति ने कहा है कि आरएसएस एवं बजरंग दल पर पूरे भारत में प्रतिबंध लगाने की मांग पर कार्रवाई की जाए। दोनों संगठनों की गतिविधियों की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। साम्प्रदायिक तनाव और नफरत फैलाने वाली गतिविधियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई हो। सभी धर्मों और समुदायों के नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए और देश में अमन, शांति, भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत किया जाए। मो. हंजला ने मांग किया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बजरंग दल की गतिविधियों की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। ज्ञापन देने में मुख्य रूप से मोहम्मद अजहर, अदीब अली, जुबैर अहमद, साकिब अहमद अंसारी, मोहम्मद मुस्तकीम व

फारस में भारतीय तेल टैंकर पर हमला, नाविक घायल

● 6AM NEWS TIMES

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। फारस की खाड़ी में लाइबेरिया के झंडे वाले तेल-टैंकर पर हुए हमले में एक भारतीय नाविक के घायल होने की सूचना है। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। सोनोवाल ने एक्स पोस्ट में बताया कि एमची फुजैराह एनर्जी नाम का यह जहाज अल-रुवाइस से दुबई जा रहा था, तभी इस पर किसी वस्तु (प्रोजेक्टाइल) से हमला हुआ। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 10 नवंबर को, लाइबेरिया के झंडे वाले वीएलसीसी एमटी फुजैराह एनर्जी शिप जिसमें 6 भारतीय नाविक सवार थे, फारस की खाड़ी से अल-रुवाइस से दुबई जाते समय किसी वस्तु से हमला हुआ। इस हमले में चालक दल के चार सदस्य घायल हो गए, जिनमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। उसे मामूली चोट आई है और आगे की मेडिकल जांच के लिए सुरक्षित रूप से किनारे पर ले आया गया है। सोनोवाल ने आगे कहा कि बाकी 18 क्रू सदस्य, जिनमें 5 अन्य भारतीय

विधायक निधि के कार्यों में देरी पर सख्त हुए प्रक्रिया तेज करने के निर्देश केशव मौर्य,

6AM NEWS TIMES

लखनऊ (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत होने वाले विकास कार्यों की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विधायक निधि के सभी प्रस्ताव निर्धारित समयसीमा में



स्वीकृत किए जाएं और विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कार्यों का भुगतान पोर्टल के माध्यम से किया जाए और दूसरी किस्त का भुगतान कार्य पूरा होने के बाद ही किया जाए।लंबित प्रस्तावों के प्राक्कलन जल्द तैयार कर उपलब्ध कराने तथा जिन जिलों में कार्यों की स्वीकृति की प्रक्रिया अटकी हुई है, वहां तेजी लाने को कहा। उन्होंने विधायक निधि से स्वीकृत होने के बावजूद अब तक शुरू नहीं किए गए कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश दिए, ताकि जनता को विकास कार्यों का लाभ समय से मिल सके।- उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को अपने स्तर पर कराए जा रहे कार्यों की विस्तृत और अद्यतन प्रगति रिपोर्ट तैयार रखने को कहा।

बुजुर्ग पेन्शनर्स की चिकित्सा प्रतिपूर्ति प्रभावित होने से जीवन का संकट उत्पन्न हो गया है।

6AM NEWS TIMES

जौनपुर। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा-की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स कार्यालय पर जनपद अध्यक्ष सी बी सिंह की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। वैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष सी बी सिंह ने अवगत कराया कि **पेंशनर्स के चिकित्सा ब्यय के आनलाइन भुगतान की प्रक्रियागत कमियो के कारण सहज जनसेवा केन्द्र एवं साइबर कैफे से बिलो की आनलाइन भुगतान प्रक्रिया पुरी नही हो रही है,जिसके कारण बुजुर्ग पेन्शनर्स की चिकित्सा प्रभावित होने से जीवन का संकट उत्पन्न हो गया है।** अध्यक्ष ने सरकार से यह मांग किया कि जब तक आनलाइन भुगतान की प्रक्रियागत कमी को दूर नही किया जाता है, तक तक पेंशनर्स के देयको को सम्बन्धित कार्यालय मे आफलाइन स्वीकार करने की ब्यवस्था की जाय,**जिससे पेंशनर्स की चिकित्सा प्रभावित न होने पाए।** साथ ही संगठन के पहले सै लम्बित मांग को शीध्र निस्तारित किया जाए, अन्यथा पेंशनर्स सरकार के बिरोध मे सड़क पर उतरने को विवश होगे।जिसके लिए सरकार दोषी होगी। संगठन के अन्य बक्ताओ ने वैठक को सम्बोधित करते हुए पेंशनर्स के मुद्दो पर सरकार की उदासीनतापर पर आक्रोश व्यक्त करते हुए मांगो को शीध्र पूर्ण करने की मांग करते हुए चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयक को आफलाइन स्वीकार करने की मांग किया। संगठन के प्रान्तीय अधिवेशन मे अधिक से अधिक संख्या मे

जौनपुर: ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी घोषित

6AM NEWS TIMES

जौनपुर । ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद इकाई की बैठक जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण मौर्य की अध्यक्षता में पत्रकार भवन मे हुई । बैठक में संरक्षक राम श्रृंगार शुक्ला गदेला, प्रोफेसर डा0 आसाराम यादव वीरेंद्र कुमार गुप्ता व प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर नीरज सोनी उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री आशीष पांडे ने किया। सर्वप्रथम संगठन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल को नमन किया गया। संरक्षक श्री शुक्ला ने



बाबू बालेश्वर लाल के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर नीरज सोनी ने संगठन की उपलब्धियां को प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह के निर्देश पर सभी पत्रकार साथियों के बीच ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उपलब्धियां की जानकारी दिया। जिला अध्यक्ष ने सदन में उपस्थित सदस्यों के बीच जिला कार्यकारिणी तथा सदर तहसील अध्यक्ष की घोषणा किऐ जिला कार्यकारी संरक्षक राम श्रृंगार, लोलारक दुबे, वीरेंद्र कुमार गुप्ता राम जी जायसवाल, डा0 आसाराम यादव, उपाध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल मोहम्मद इकराम अंसारी शिवेंद्र प्रताप सिंह महामंत्री आशीष पांडे वेद प्रकाश विश्वकर्मा कुंवर भानु प्रताप सिंह मंत्री चंचल जायसवाल अरविंद पटेल सोनू उपाध्याय कोषाध्यक्ष रमेश चंद यादव संगठन मंत्री श्याम शंकर पांडे प्रचार मंत्री अबीस इमाम संप्रेक्षक सतीश चंद्र शुक्ला संजय चौरसिया सदर तहसील अध्यक्ष शशीकांत मौर्य मरियाहू तहसील अध्यक्ष बृजलाल चौरसिया केराकत तहसील अध्यक्ष राजेश कुमार यादव मछली शहर तहसील अध्यक्ष आरपी सिंह शाहगंज तहसील अध्यक्ष प्रदीप वर्मा बदलापुर तहसील अध्यक्ष अखिलेश यादव का घोषणा किया । मंगला तिवारी, राजेश पाल , अनुराग सिन्हा, रामचंद्र नागर, चंद्रशेखर , वेद प्रकाश विश्वकर्मा, विवेक सिंह, बृजेश कैलाश नाथ मौर्या प्रदीप वर्मा राम मूरत यादव, रामकेश उपेंद्र श्रीवास्तव, अमरेंद्र श्रीवास्तव संदीप यादव सुभाष पाल आदि मौजूद रहे।

अनुप्रिया पटेल के प्रयागराज आगमन हेतु विशेष बैठक

6AM NEWS TIMES

प्रयागराज। अपना दल एस विश्वनाथगंज विधानसभा के दक्षिणी जोन की मासिक बैठक दक्षिणी जोन अध्यक्ष एवं सभासद जगदीशपुर दशाराम पटेल के नेतृत्व में जगदीशपुर पंचायत भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में बूथ स्तर पर चौपाल लगाकर बूथ को मजबूत बनाना एवं 29 नवम्बर



को अनुप्रिया पटेल जीका प्रयागराज आगमन पर अधिक से अधिक लोगों को ले चलने के लिए आहवान किया गया। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में विश्वनाथगंज के विधायक जीतलाल पटेल के प्रतिनिधि राविन पटेल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कार्यकारणी भैयाराम, सह प्रभारी एवं जिला सचिव पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी विजय पटेल, गुलाब वर्मा, सेक्टर अध्यक्ष सुशील गौतम, अजय पटेल, उपेंद्र मौर्य, अनिल गौतम, अजय सरोज, युवा मंच जिला

चयनित अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण कराया

6AM NEWS TIMES

फतेहपुर। पुलिस लाइन में आरक्षी भर्ती-2025 के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण कराया जा रहा है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस लाइन पहुंचकर मेडिकल परीक्षण स्थल का निरीक्षण किया और भर्ती प्रक्रिया के तहत की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने



अभ्यर्थियों के चल रहे चिकित्सा परीक्षण की पूरी प्रक्रिया को देखा। उन्होंने मेडिकल परीक्षण के लिए बनाए गए स्थल पर उपलब्ध व्यवस्थाओं, परीक्षण की कार्यप्रणाली और परिसर की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए पूरी प्रक्रिया का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने मेडिकल परीक्षण स्थल पर पहुंचकर भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस दौरान अभ्यर्थियों

खतरनाक तरीके से बाइक पर स्टंट करने वाला युवक गिरफ्तार

6AM NEWS TIMES

फतेहपुर। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में नेशनल हाईवे-2 पर खतरनाक तरीके से बाइक चलाकर स्टंट करना एक युवक को महंगा पड़ गया।



वीडियो का संज्ञान लेते हुए थाना थरियांव पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेने के साथ ही स्टंट में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल को सीज कर दिया। मामले में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान

शाम ढलते ही सड़कों पर दौड़ने लगते हैं ओवरलोड डंपर कौहन-मर्का पुल से हो रही एंट्री

6AM NEWS TIMES

खागा, फतेहपुर। किशनपुर व असोथर थाना क्षेत्र में शाम ढलते ही ओवरलोड मोरंग लदे डंपरों की आवाजाही तेज हो जाती है। दिनभर शांत रहने वाली सड़कों पर अंधेरा होते ही भारी वाहनों का काफिला



दौड़ने लगता है। बांदा जिले से मोरंग लादकर आने वाले डंपर कौहन-मर्का यमुना पुल के रास्ते फतेहपुर में प्रवेश कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रात के अंधेरे में ओवरलोडिंग का यह खेल बेखौफ जारी रहता है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की कार्रवाई प्रभावी नजर नहीं आ रही है। बताया जाता है कि बांदा जिले से मोरंग लादकर आने वाले डंपर कौहन-मर्का यमुना पुल पार कर असोथर थाना क्षेत्र में प्रवेश करते हैं। इसके बाद ये वाहन खागा, फतेहपुर व कौशांबी की ओर निकल जाते हैं। आरोप है कि कई डंपरों में निर्धारित क्षमता से अधिक, करीब 40 से 50 टन तक मोरंग लादकर परिवहन किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि भारी ओवरलोड डंपरों के

छठ पूजा के लिए तैयार घाट, नहाय खाय से होगी शुरुआत

6AM NEWS TIMES

प्रयागराज। लोक आस्था का महापर्व छठ 13 नवंबर से शुरू होगा। चार दिवसीय पर्व का समापन 16 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा। इस दौरान व्रती 36 घंटे का निर्जला व्रत रखेंगे। 15 नवंबर को शाम 5:26 बजे



डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा, जबकि 16 नवंबर को सुबह 6:36 बजे के बाद उगते सूर्य को अर्घ्य देने का समय है। चार दिवसीय छठ पूजा कल यानी शुक्रवार को नहाय-खाय से शुरू हो जाएगा है। अब प्रयागराज नगर निगम सक्रिय हुआ है। गंगा-यमुना के घाटों पर फैली गंदगी, अव्यवस्था को दूर करने की कवायद शुरू हुई। आज सुबह से गंगा के विभिन्न घाटों सहित यमुना नदी के बलुआघाट और गऊघाट पर सफाई अभियान शुरू हो गया है। छठ पूजा को लेकर घाटों

प्रमोद तिवारी ने मंहगाई तथा अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में मोदी सरकार पर बोला हमला

6AM NEWS TIMES

प्रतापगढ़। नगर स्थित राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज में पूर्व विधायक एवं विभिन्न शिक्षण संस्थानों के अध्यक्ष स्व0 पं. राम अंजोर मिश्र की जयंती आज गुरूवार को पूर्वान्ह ग्यारह बजे संस्थापक समारोह के रूप में मनाई जाएगी। कार्यक्रम में सांसद प्रमोद तिवारी,



विधायक आराधना मिश्रा मोना, शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी अतिथि होंगे। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल एवं पीजी कालेज की प्राचार्य डॉ. ऋचा-सुकुमार ने संयुक्त रूप से दी है। दौलतपुर में जनसभा को संबोधित करते सांसद प्रमोद तिवारी साथ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने सांसद प्रमोद तिवारी के साथ मंगापुर में लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत मंगापुर रेवली आठ किलो मीटर से सड़क चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का भूमि पूजन किया। यह चौड़ी सड़क उन्नीस करोड़ छिहत्तर लाख पचीस हजार की लागत से लोगों को आवागमन में सहूलियत मुहैया कराएगी। वही विधायक एवं सांसद ने राज्य सड़क निधि से योजना के तहत पेडरियन का पुरवा से बढ़ई का पुरवा आठ सौ बीस मीटर की एक करोड़ दस लाख पचासी हजार की लागत से निर्मित सड़क का समारोहपूर्वक लोकार्पण भी किया। बीस करोड़ से अधिक की परियोज-

कालेज पढ़ने गई युवती लापता, अपहरण का केस दर्ज

6AM NEWS TIMES

लालगंज, प्रतापगढ़ । घर से कॉलेज पढ़ने गई युवती लापता हो गई। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़ित मां का कहना है कि बीते छह नवंबर को उसकी बीस वर्षीया पुत्री घर से स्थानीय कालेज में पढ़ने गई थी। वहां से वापस न लौटने पर परिजन खोजबीन करने लगे। खोजबीन के दौरान पता चला कि नौहर हुसैनपुर थाना दिलीपपुर निवासी महेश सिंह पुत्र चंद्रेश सिंह पीड़िता की पुत्री को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। पीड़िता ने

शादी का झांसा देकर युवती का किया अपहरण, केस दर्ज

6AM NEWS TIMES

लालगंज, प्रतापगढ़। शादी का झांसा देकर युवती के अपहरण की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता का कहना है कि नौ नवम्बर की रात उसकी तेईस वर्षीया पुत्री को शादी का झांसा देकर रानीगंज कैथौला निवासी अर्पित

स्वामी, प्रकाशन एवं मुद्रक श्रीमती अंजली यादव द्वारा नियर प्रिंटर, सी 1200 इन्दिरा नगर लखनऊ उप्र से मुद्रित तथा 424 / 64 महबूबगंज, ठाकुरगंज, लखनऊ उप्र से प्रकाशित। हिंदी दैनिक 6 एम न्यूज टाइम्स। संपादक अंजली यादव Email: 6amnewstimes@gmail.com मो. न. 9415461079 (सभी वाद विवादों के लिए प्रबंध संपादक रवींद्र यादव मध्यस्थता करेंगे एवं न्याय क्षेत्र लखनऊ उप्र होगा)